## खबर संक्षेप

### सांसद ने झूलेलाल जयंती और चेटीचंड पर्व की दी बधाई

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को झूलेलाल जयंती और चेटीचंड पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा है कि प्रेम और करुणा के अमर संदेश वाहक भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर समस्त सिंधी समाज को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भगवान झूलेलाल जी सभी के जीवन में खुशहाली और आरोग्य लाएं। चेटीचंड के पावन अवसर पर भगवान झूलेलाल जी से यही कामना है कि वे मानवता की रक्षा करें और हमारे जीवन को ज्ञान व सद्भाव से रोशन करें। यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और भाईचारा लेकर आए। भगवान झूलेलाल जी के आशीर्वाद से प्रेम और समरसता सदैव बनी रहे। ईश्वरीय कृपा से आपके घर में सद्भाव, आस्था और आध्यात्मिक संतोष का संचार हो। इस पवित्र अवसर पर भक्ति आपके हृदय में स्पष्टता, साहस और शांति लाए।

### आज तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे पूर्व सांसद नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ाः-** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत वे प्रदेश के चार जिलों का दौरा कर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे। छिन्दवाड़ा, पांढुर्ना, नरसिंहपुर व सिहोर जिले में आयोजित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे। पूर्व सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार माननीय नकुलनाथ जी का दिनांक 20 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्‌टटी पर आगमन होगा। तदोपरांत वे हेलीकाप्टर द्वारा नरसिंहपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 11.30 बजे नरसिंहपुर जिला पहुंचकर रानी अवंतीबाई शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे छिन्दवाड़ा की अमरवाड़ा विधानसभा के सालीवाड़ा शारदा पहुंचकर पवित्र नवरात्र पर माता रानी के मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन कर माथा टेककर पूजन अर्चन कर जिले, प्रदेश व देशवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना करेंगे।

## दो लोग घायल, बाजार से घर लौट रहे पिता-पुत्र हुए हादसे का शिकार, घर में जा घुसी कार

# अनियंत्रित महिंद्रा कार ने दो बाइकों को रौंदा, किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाड़ा

नागपुर-सौसर मार्ग पर गुरुवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। नागपुर मार्ग पर जाम हेरिटेज लॉन के समीप नागपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार महिंद्रा टीयूवी कार ने दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। इस हादसे में एक मोटरसाइकिल सवार किसान की मौत हो गई, जबकि उसके पिता सहित एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम वाघोड़ा निवासी पुसराम उर्फ पिंटया, शेडामे (40 वर्ष) अपने पिता नामदेव शेडामे



(62 वर्ष) के साथ सौसर साप्ताहिक बाजार आए थे।

शाम को अपना काम निपटाकर जब वे सौसर से वापस अपने गांव वाघोडा लौट रहे थे, तभी जाम हेरिटेज लॉन के पास सामने से आ रही महिंद्रा टीयूवी कार (क्रमांक एम एच 40 बी ई 5962 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। अनियंत्रित महिंद्रा कार ने इसके बाद एक और मोटरसाइकिल को चपेट में लिया और सीधे एक घर की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी।हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को सौसर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान किसान पुसराम शेडामे की मौत हो गई। वहीं उनके पिता नामदेव शेडामे की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें तत्काल नागपुर रेफर किया गया है। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दिनेश भक्ते, का इलाज सौसर अस्पताल में जारी है।वही अजय कावरे सुरक्षित है।

### बेटा मैं सौंसर से बाजार लेकर जल्दी आता हूँ... कहकर निकले थे घर से



मिली जानकारी के अनुसार मृतक पुसराम घर से निकलते समय अपने बच्चों से यह कहकर निकले थे कि "बाजार का सामान लेकर जल्दी आता हूँ" लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था! बच्चे बाजार से पिता समान लेकर आए गए इस आस में इंतजार करते रहे,और महिंद्रा करने मोटरसाइकिल को ठोकर मार कर एक खुशहाल परिवार को उजाड़ दिया,मूर्तक पुसाराम उर्फ पिंटया अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। पुसराम ही अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे और खेती-किसानी कर घर का पालन-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलते ही सौसर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

## फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती से चारगांव कर्बल के किसानों की आय में हो रहा बड़ा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। फसल विविधीकरण को बढ़ावा, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन, उन्नत तकनीकों का विस्तार, गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता तथा किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से विपणन व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही किसानों को प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन देकर बाजार आधारित खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले के विकासखंड मोहखेड़ का ग्राम चारगांव कर्बल कृषि नवाचार का एक प्रेरणादायक केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां के किसानों ने फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। विशेष रूप से गेंदा फूल की खेती से किसान प्रति एकड़ 2.50 से 3.00 लाख रुपये तक का लाभ अर्जित कर रहे हैं।

किसान रघुवर भादे द्वारा नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए लगभग छह माह पूर्व गेंदा की रोपाई की गई थी, जिसका उन्हें वर्तमान में अच्छा लाभ मिल रहा है। उनका गेंदा फूल लगभग 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। इसके साथ ही नवरात्रि में शकरकंद की अधिक मांग का लाभ भी किसानों को मिल रहा है। ग्राम के किसानों ने सूरजमुखी, शकरकंद, चुकंदर, गेंदा एवं जैविक मक्का जैसी फसलों को अपनाकर फसल विविधीकरण का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। किसान श्री शिवलाल भादे द्वारा गेंदा के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में पर्रास की खेती की जा रही है, जबकि किसान श्री बालकराम भादे प्राकृतिक तरीके से उन्नत तकनीक के साथ चुकंदर की खेती कर रहे हैं।

## छिंदवाड़ा खनिज विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर

### एक्सपायर अग्निशमन यंत्र और सुरक्षा भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



जिले का खनिज विभाग एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सवालों के घेरे में है। अवैध उत्खनन के मामलों में ढीली कार्रवाई के लिए पहले से बदनाम यह विभाग अब बुनियादी सुरक्षा व्यवस्थाओं में भी गंभीर लापरवाही बरतता नजर आ रहा है। ताजा निरीक्षण में जो तस्वीर सामने आई है, वह न केवल चौंकाने वाली है बल्कि प्रशासनिक उदासीनता की पोल खोलने के लिए काफी है।

सूचना के अधिकार (RTI) को लेकर भी विभाग की लापरवाही पहले उजागर हो चुकी है। लंबे समय तक कार्यालय में RTI से संबंधित बोर्ड तक नहीं लगा था, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि पारदर्शिता को लेकर विभाग कितना संवेदनशील है।

हालांकि मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद आनन-फानन में बोर्ड लगाया गया, लेकिन इससे विभाग की मंशा पर उठे सवाल खत्म नहीं होते।मामला यहीं खत्म नहीं होता।

हरिभूमि टीम द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण में एक और गंभीर खामी सामने आई— कार्यालय में अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह से लचर पाई गई। पूरे विभाग में आग से सुरक्षा के नाम पर मात्र एक अग्निशमन यंत्र मौजूद है, जिसकी एक्सपायरी डेट 11 मार्च 2025 को खत्म हो चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इस यंत्र की रिफिलिंग 11 मार्च 2024 को की गई थी और अगली रिफिलिंग की तारीख 11 मार्च 2025 तय थी, लेकिन समय निकल जाने के बाद भी इसे अपडेट नहीं किया गया।यह स्थिति सीधे तौर पर कर्मचारियों और कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। अगर किसी भी तरह की आगजनी की घटना होती है, तो यह निष्क्रिय यंत्र किसी काम का नहीं रहेगा।

सवाल यह उठता है कि क्या विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है?इस पूरे मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा की गई, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से माना कि ऐसी लापरवाहियों में सुधार की बेहद आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों को अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग रहना चाहिए, क्योंकि यह केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

जब खुद सरकारी विभाग ही नियमों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करेंगे, तो आम नागरिकों से नियम पालन की उम्मीद करना बेमानी हो जाता है। शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका सही क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी है। अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद खनिज विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार करता है या फिर हमेशा की तरह यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## श्री रामेश्वरम धाम में मंत्राचार्य के साथ हजारों यजमानों ने 1008 कुंडों में डाली आहुतियां

### श्री रामेश्वरम धाम में श्री शिव अभिषेक, देवी सहस्त्रार्चन और 1008 कुंडों में आहुतियों के साथ शुरू हुआ महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



हिन्दू धर्म में मंत्रों का अत्यंत महत्व है, जिन्हें दैवीय ऊर्जा और सकारात्मकता का स्त्रोत माना जाता है। इन्ही मंत्राचार्य के साथ ही श्री रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया है। श्री रामेश्वरम धाम में बने विशाल यज्ञ स्थल में देर शाम तक सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार ने हजारों यजमानों ने साथ 1008 कुंडों में मंत्राचार्य के बीच आहुतियां डाली। इसके पूर्व सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार और बडी संख्या में मौजुद श्रद्वालूओं ने श्री रामेश्वरम धाम में सुबह के समय श्री शिव अभिषेक और दोपहर में देवी जी का विधि विधान से सहस्त्रार्चन किया।

उल्लेखनीय है कि श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति और साहू परिवार के द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 19 मार्च से 26 मार्च तक 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य और पुण्य आयोजन में 26 मार्च तक प्रतिदिन हजारों यजमान 1008 यज्ञकुण्डों में आहुतियां अर्पित करेंगे। छिन्दवाड़ा के इतिहास में श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में पहली बार होने जा रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में गुरूवार को सांसद बंटी विवेक साहू व साहू परिवार, हजारों यजमान सहित हजारों श्रद्वालूजन शामिल हुये। श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गुजरात कोहना से पधारे महंत सीताराम बापू जी, ओमकारेश्वर से पधारे महंत मंगलदास त्यागी जी, आनंद धाम राजना से पधारे संत विवेक जी महाराज और आचार्य पं. अरूण शर्मा शास्त्री जी एवं 200 से अधिक पुजारियों की प्रमुख उपस्थिति में 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ कराया जा रहा है।

### राज्य सभा सांसद निधि से बनाया गया यात्री प्रतिक्षालय अतिक्रमण की भेंट चढ़ा नगर पालिका दमुआ बनी उदासीन

**दमुआ।** राज्य सभा सांसद निधि से नया बस स्टेण्ड दमुआ में यात्री प्रतिक्षालय बनाया गया था ताकि बाहर दूर दराज क्षेत्रो से आवागमन करने वाले यात्रीगण धूप बारिश ठंड आदि मौसम से बचने के उद्देश्य से यात्री गणो की सुविधाओं को देखते हुए क्योंकि यात्रीगण बस वाहनो के इंतजार में यहां वहां बैठे रहते है और परेशान होते रहते है जिसको ध्यान में रखते हुए यात्रीयों की सुविधाओं के लिए प्रतिक्षालय बनाया गया था परन्तु लम्बे समय से छाटेमोटे दुकानदारो के द्वारा यात्री प्रतिक्षलय के आसपास की सरकारी जगह में कब्जा कर अतिक्रमण कर कब्जा लिया गया है जिससे यात्रियों का काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है नगर पालिका दमुआ को चाहिए कि इस ओर ध्यान देते हुए अतिक्रमण कारियो से अतिक्रमण हटाकर यात्रियों को सुविधा प्रदान करें।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.-1 छिंदवाड़ा में कक्षा 1 एवं बालवाटिका-03 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में सत्र 2025–26 के लिये कक्षा पहली एवं बालवाटिका-03 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय के प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने जानकारी दी कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 18 मार्च 2026 को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा पहली एवं बालवाटिका-03 में प्रवेश के इच्छुक अभिभावक 20 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से **https://admission.kvs.gov.in** लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य श्री धारकर के अनुसार, 31 मार्च 2026 की स्थिति में कक्षा पहली के लिए बच्चों की आयु 6 से 8 वर्ष तथा बालवाटिका-03 के लिए 5 से 7 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। आवेदन के दौरान अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सेवारत अभिभावक का सेवा प्रमाण पत्र तथा निवास संबंधी प्रमाण पत्र साथ रखने की सलाह दी गई है। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत बीपीएल श्रेणी का लाभ केवल उन्हीं बच्चों को मिलेगा जिनके माता या पिता के नाम पर बीपीएल राशन कार्ड एवं संबंधित प्रमाण पत्र होंगे। दादा-दादी या नाना-नानी के नाम पर जारी बीपीएल कार्ड मान्य नहीं होगा। प्राचार्य श्री धारकर ने अभिभावकों से अपील की है कि आवेदन प्रक्रिया सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण आवेदन निरस्त न हो।

## सांसद ने छिंदवाड़ा को दिलाई एयरपोर्ट की सौगात

### सांसद ने दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किजारापु राममोहन नायडू और भोपाल में की थी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट बनाने के प्रयास रंग लाये है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के बाद छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट बनने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री में छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के अन्य 3 जिलों में एयरपोर्ट बनाने की घोषणा कर दी है। छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट बनाने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे, पिछले दिनों लोकसभा सत्र के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किजारापु राममोहन नायडू और भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की थी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। मध्यप्रदेश विमानन नीति-2025 से यह संभव हो सका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा से रायपुर हवाई सेवा का वर्चुअली शुभारंभ करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू भी वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विमानन नीति लागू कर हवाई सेवाओं के विस्तार का कार्य व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। सीएम मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश में छिंदवाड़ा सहित 4 नए एयरपोर्ट बनाए जायेंगे। इन्हें एयरस्ट्रीप रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत विकसित किया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में 8 एयरपोर्ट हैं। शीघ्र ही उज्जैन और शिवपुरी का एयरपोर्ट प्रारंभ होने पर संख्या 10 हो जाएगी। प्रदेश में कुल 20 हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड हैं। उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा, शहडोल, नीमच और मंडला में भी एयरपोर्ट बनेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि हवाई चप्पल पहनने वाले व्यक्ति भी हवाई यात्रा कर सकते हैं। उनके इस मंत्र को साकार करने के लिए प्रदेश में जहां पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गई वहीं धार्मिक पर्यटन हेली सेवा भी प्रारंभ की गई हैं।

## चैत्र नवरात्रि पर धर्ममय हुआ तामिया

### निकली कलश यात्रा, रामनवमीं की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



शहर की हृदयस्थली स्थल खेड़ापति माता मंदिर आस्था एवं परंपरा संस्कृति का अधबुत संगम है यह वर्षों से श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है यह मंदिर नगर की धार्मिक पहचान के साथ साथ सुख समृद्ध सास्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है नवरात्रि के पावन पर्व पर यहां का वातावरण विशेष रूप से भक्ति मय हो जाता है और मां के जय कारो की गूंज सुनाई देने लगती है।

इसी क्रम में आज माता मंदिर से चैत्र नवदुर्गा के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई!जिसमें सैकड़ो महिला शामिल हुई! और कलश यात्रा माता मंदिर से प्राचीन हनुमान जी के मंदिर होते हुए ललिता देवी से पुनः माता मंदिर पहुंची! जहां पर खेड़ापति माता मंदिर में मनोकामना कलश स्थापित हुए! इस तरह आज तामिया का माहौल दुर्गा मय निर्मित हुआ! इसी क्रम में हिंदू पर्व उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी! इसके लिए हिंदू पर समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल सहित समस्त पूर्व समिति के सदस्य रामनवमी चल समारोह को भव्य बनाने के लिए लिए पूरे तामिया को भगवा रंग से रंग गया है।

लोगों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए माता मंदिर के सामने हमारा तामिया सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है! जो लोगों के आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है! जिसमें लोग सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे है!हिंदू समिति अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बतलाया कि चल समारोह भव्य एवं धार्मिक गरिमामय बनाने के लिए हिंदू पूर्व समिति एवं राम भक्त बढ़-चढ़कर कार्यक्रम के लिए दान कर रहे हैं! साथ ही रामनवमी चल समारोह को यादगार बनाने हिंदू पर्व समिति एवं समस्त सदस्य राम भक्त लगे हुए हैं।

### कलेक्टर के आदेश के बाद कैसे बनेंगे मंगल भवन,म्यूजियम, छात्रावास आश्रम, सांदीपानी स्कूल, टीआईटी, कॉलेज

# अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित होने के बाद भी निर्माण कार्यों में खर्च हो रहा लाखों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



जिले भर में गिरते भूजल स्तर के मददे नजर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है। इस बार सामान्य वर्षा होने के बावजूद जिले के पेयजल स्त्रोतो में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे जल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है।

उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले भर में जिला कलेक्टर द्वारा आदेश पारित किया गया है कि जिले के समस्त नदी, नाले,स्टाप डेम, सर्वजनिक एवं अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजन के लिए सुरक्षित किया गया है। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति इन जल स्त्रोतों का उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं कर सकता। इसके साथ ही जल अभावग्रस्त क्षेत्र में बिना अनुमति के नवीन नलकूप खनन करने के पहले राजस्व से अनुमति लेनी होगी। यह आदेश 1986 की धारा- 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छिंदवाड़ा जिले को तत्काल प्रभाव से 15 जून 2026 अथवा वर्ष प्रारंभ होने तक की अवधि के लिए जल अभाव क्षेत्र घोषित किया गया है, लेकिन तामिया मुख्यालय में ही भारिया जनजाति का म्यूजियम, आईटीआई कॉलेज, छात्रावास, कन्या आश्रम, मंगल भवन जो पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अलावा अन्य विभागों के माध्यम से निर्माण कार्य जा रहे है जिसमें ठेकेदार प्रतिदिन लाखों लीटर पानी का उपयोग निर्माण कार्यों में कर रहे हैं जबकि तामिया के नदी नाले स्टॉप डैम का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है जिससे आने वाले समय में जल संकट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य में लाखों लीटर पानी का दोहन धरती के नीचे से से होगा तो जलस्तर की स्थिति क्या होगी। अंदाजा लगाया जा सकता है। तामियां में यदि आने वाली गर्मी के दिनों में जल संकट की स्थिति पर नियंत्रण रखना है तो इन निर्माण कार्य में टैंकरों के माध्यम से लाखों लीटर पानी का उपयोग रोकना होगा जिससे आने वाले समय में आमजन एवं जीव जंतुओं को जल संकट का सामना ना करना पड़े। इस और स्थानीय अधिकारी निर्माण करने वाली एजेंसी को कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में तत्काल निर्माण कार्यों पर पानी के उपयोग पर रोक लगानी होगी। अब देखना यह है कि राजनैतिक संरक्षण में चोरी की रेत मनमाने तरीके से निर्माण कार्य कर गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव डालने वाले ठेकेदारों पर इतने संवेदनशील मामले में निर्माण कराने वाली सरकारी एजेंसी विभाग कितना कलेक्टर के आदेशों का पालन करवाते हैं। यह तो निर्माण कार्य में होने वाले वाले पानी की खपत पर रोक लगानी होगी।

## कनिष्ठ यंत्री को सौंपा ज्ञापन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे सरपंच संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

# बिजली कार्यालय पर सरपंच संगठन का हल्लाबोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली और ग्राम पंचायतों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ गुरुवार को सरपंच संगठन सौंसर ने मोर्चा खोल दिया। ग्राम पंचायत सौंसर के सरपंचों ने एकजुट होकर विद्युत कार्यालय पहुचकर कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपकर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आड़े हाथों लिया। संगठन के पदाधिकारी एवं सरपंच चंद्रशेखर कहांते,सरपंच सूर्यभान चिकटे,दिनेश भलावी,ने स्पष्ट किया कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।सरपंच संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में लगे विद्युत कनेक्शनों की रीडिंग गलत तरीके से निकाली जा रही है। पुरानी और नई रीडिंग के अंतर में भारी विसंगतियां हैं। साथ ही, प्रति यूनिट अधिभार (सरचार्ज) को बिना किसी पूर्व सूचना या सरकारी आदेश के मनमर्जी से बढ़ाया जा रहा है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान सरपंचों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के ग्राम पंचायतों के बिजली कनेक्शन काट देता है। चूँकि पंचायत एक शासकीय कार्यालय है और जनहित के कार्यों का केंद्र है, ऐसे में अचानक बिजली काटना विभाग की अनियमितता को दर्शाता है। इस कार्रवाई के कारण गांवों में अनावश्यक तनाव पैदा होता है और शांति व्यवस्था भंग होती है।अधिकारियों के रवैये पर उठाए सवालसंगठन ने विभाग के सुपरवाइजरों और कर्मचारियों के व्यवहार पर भी कड़ा ऐतराज जताया।

जिम्मेदार अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करने ओर भुगतान को लेकर दबाव बनाया जाता है, जबकि पंचायत का भुगतान सरकारी पोर्टल के माध्यम से होता है,सरपंचों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग पंचायतों पर दबाव डालकर भुगतान प्राप्त करता है और शासन से भी राशि प्राप्त करता है, जिसका बिलों में कहीं कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं होता। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि रीडिंग को दुरुस्त नहीं किया गया और बिना सूचना कनेक्शन काटने की प्रक्रिया बंद नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। इस दौरान सरपंच संघटन के प्रमोद

## विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने तुरंत कराया पेयजल समस्या का समाधान



सिंगोड़ीः -अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के धनोरा जागीर अंतर्गत ग्राम नंदराम ढाना में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई थी। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।ग्रामीणों ने अपनी समस्या दूरभाष के माध्यम से क्षेत्रीय विधायक कमलेश प्रताप शाह तक पहुंचाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।विधायक के निर्देश पर ग्राम में दो बोरवेल का खनन कराया गया। बोरवेल से पर्याप्त मात्रा में पानी निकलने के बाद गांव में पेयजल संकट का समाधान हो गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली।इस कार्य के लिए विधायक प्रतिनिधि सुनील नेमा, ग्राम सरपंच एवं समस्त ग्रामीणों ने विधायक कमलेश प्रताप शाह के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चैत्र नव रात्रि पर्व के प्रथम दिन बच्चों को बांटे उपहार



परासिया। चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारम्भ हो गया है । पर्व के प्रथम दिन प्रारम्भ होने पर आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड नम्बर 11 एवं आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड नम्बर 15 के बच्चों को उपहार भेंट किये गए । उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे । आंगनवाड़ी केन्द्र के 40 बच्चों को उपहार दिए गए । आंगनवाडी केन्द्र वार्ड नम्बर 11 में कार्यकर्ता श्रीमती रचना ध्यानी । सहायिका श्रीमती कविता यादव । आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 15 में कार्यकर्ता श्रीमती राज कुमारी डेहरिया । सहायिका श्रीमती रानी नुनाहरिया एवं समाज सेवी श्री बसन्त मालवी ,,,वीर सिंह ,,अंजली श्रीवास्तव भावना साहू अशोक डेहरिया विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## श्री श्री दुर्गा मंदिर अंबाड़ा में विशाल देवी जागरण एवं श्री खाटू श्याम कीर्तन का आयोजन आज

गुढ़ी/अंबाड़ा/जुन्नारदेव। हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर दिनांक 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार को शाम 7:00 बजे से श्री श्री दुर्गा मंदिर अंबाडा में श्री खाटू श्याम भजन एवं भक्तिमय देवी गीतों की प्रस्तुति जबलपुर की भजन गायिका राजश्री एवं भोपाल की भजन गायिका शिवानी द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भजन गायक महेंद्र गौतम व भजन गायिका प्रतिमा सोनारे सहित प्रांत के कोने-कोने से आने वाले गायक व गायिकाएं भक्तिमय गीतो की शानदार प्रस्तुति देंगे। श्री श्री दुर्गा मंदिर अम्बाड़ा के प्रांगण मे होने वाले इस विशाल देवी जागरण एवं श्री खाटू श्याम कीर्तन कार्यक्रम में सभी श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह विकास अग्रवाल एवं मित्र मंडली के अलावा सनातन धर्म समिति अंबाड़ा गुढ़ी के द्वारा किया गया है।



## एतिहासिक होगा 2625 वां तीर्थंकर महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज आगामी चैत्र सुदी तेरस 30 मार्च के शुभ दिन अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 24 वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 महावीर भगवान का 2625 वां जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।श्री वीर प्रभु के 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव को लेकर सकल जैन समाज के सभी घटकों एवं युवा संगठनों की विशेष बैठक तारण भवन में आयोजित हुई जिसमें सभी ने मिलकर महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया ओर सुंदर रूपरेखा बनाई।बैठक में महोत्सव संयोजक रत्नेश जैन, सहसंयोजक तरुण जैन, अध्यक्ष संजय मीनू सिंघई, महामंत्री पंकज पाटनी, तारण समाज अध्यक्ष प्रदीप जैन, खंडेलवाल पंचायत अध्यक्ष प्रमोद पाटनी, युवा फेडरेशन सचिव , सूर्योदयधाम अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, प्रो. अनिल जैन, राजेंद्र बाकलीवाल सहित अन्य जिनशासन सेवकों ने अपने विचार रखे जिनका सभी ने समर्थन किया।

## जताने के बावजूद , नहीं हुई कार्रवाई आखिरकार टूटकर गिरा हाई वोल्टेज बिजली का तार

परासिया :- बुधवार 18 मार्च को परासिया मैगजीन लाइन में हाई वोल्टेज लाइन का बिजली का तार टूट कर गिर गया । जिससे लोगों को खासी परेशानी हुई हालांकि इस खतरे का अंदेशा पहले ही जताया जा चुका था । गौरतलब है , कि परासिया वार्ड 2 ईडीसी और वार्ड 5 मैगजीन लाइन क्षेत्र में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की हाई वोल्टेज लाइन जो कि 11000 वोल्ट की है , फैली हुई है । जो बरसों पुरानी लाइन है । इसके बिजली के तार जिन खंबो के जरिए इस क्षेत्र में फैलाए गए हैं , वे खंबे जर्जर हो चले हैं और तार भी कमजोर हो चुके हैं । जिसको लेकर इस क्षेत्र के जागरूक नागरिक और अधिवक्ता अजय बाजपेई ने 6 मार्च 2026 को वेकोलि प्रबंधन को लिखित आवेदन देकर इन तारों के टूटने की आशंका जाहिर करते हुए आगाह कराया था और इस दिशा में प्रबंधन के साथ - साथ स्थानीय प्रशासन से भी उचित कदम उठाए जाने की मांग की थी , लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया । नतीजतन बुधवार को मैगजीन लाइन में इस हाई वोल्टेज बिजली लाइन के कुछ तार टूट कर गिर गए । गनीमत है , कि इसकी चपेट में कोई नहीं आया । जब इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई तो उन्होंने स्थाई तौर पर व्यवस्था बनाई । सवाल यह उठता है , कि जिस खतरे से पूर्व में ही आगाह किया जा रहा है , उस खतरे से बचने के लिए समय रहते कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा है ? क्या परंपरा अनुसार कोई दुर्घटना होने के बाद ही उचित कदम उठाए जाएंगे ।



## झुर्रे कॉलोनी में पानी साफ सफाई की समस्या को लेकर बी.एम.एस. का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

भारतीय कोयला खदान मज़दूर संघ के तत्वावधान में माथनी, नेहरिया, उरधन, धनकशा शाखा की ओर से झुर्रे कॉलोनी में पानी की गंभीर समस्या ,साफ़ सफ़ाई रिपेयरिंग कार्य को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।इस धरना में कॉलोनी की मूल समस्याएँ जैसे पानी, बिजली, रिपेयरिंग और अन्य सुविधाओं को प्रमुखता से उठाया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेमोहित नामदेव अध्यक्ष, पेंच कन्हान, निखिलेश राहा , महामंत्री, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप शाही , उपाध्यक्ष अच्छेलाल गुप्ता , मंत्री दिलीप निषाद , राजेश पासवान , AWC रामदास सोलंकी , उपाध्यक्ष मनोज गौतम , जेसीसी शैलेंद्र शर्मा , माथनी शाखा अध्यक्ष अर्जुन यादव शाखा सचिव धर्मेंद्र साहू धनकशा अध्यक्ष अंकित अलढ़क , नेहरिया शाखा अध्यक्ष विनोद डेहरिया सचिव, फिरोज , उरधन अध्यक्ष विजेंद्र सिंह सचिव संजय बनिया , ग्राम पंचायत उप सरपंच अजय प्रताप शाही ,पूर्व उपसरपंच राजकुमार पिंटु सिंह,शुभम पटेल , यश कैथवास , प्रताप यादव , प्रताप मालवी , तुलसीराम महंगिया , कैलाश कराडे , गुरु प्रसाद डहेरिया ,बाबूलाल के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एवं बड़ी मात्रा में मातृ शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## सार्थक वासनिक ने नवोदय एंव सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी। खैरलांजी तहसील मुख्यालय के सार्थक वासनिक के द्वारा अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का कुशल परिचय देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय समिती एंव सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा 2026 में शानदार दोहरी सफलता हासिल कर माता श्रीमती रेखा वासनिक एवं पिता धनेन्द्र वासनिक को गौरवान्वित किया । जानकारी के अनुसार सार्थक वासनिक क्रिएटिव इंटरनेशनल एकेडमी किन्ही (भौरगढ) का अध्ययनरत विधार्थी है जिन्होने अपने कठिन परिश्रम और मेहनत से सफलता हासिल कर माता पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है।सार्थक वासनिक ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन सहित माता पिता को दिया। बताया गया की होनहार बच्चे सार्थक वासनिक ने परीक्षा की तैयारी स्कूल के शिक्षको और माता पिता के मार्गदर्शन में पूरी की जिसके फलस्वरुप दोहरी सफलता प्राप्त की। माता पिता सहित स्कूल प्रबंधन एंव शुभचिंतको के द्वारा सार्थक की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



## सूर्य उपासना पर्व विक्रम संवत से जल गंगा संवर्धन अभियान



हरिभूमि न्यूज उकवा। म.प्र के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद व जनपद पंचायत बैहर के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड बैहर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया इस अवसर पर कलश यात्रा तिलक वंदन ध्वजारोहण के साथ व अतिथियों के उदबोधन द्वारा आज के पर्व के महत्व पर जन समूह को अवगत कराया गया इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बी एस मेरावी विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले श्री शिवनाथ यादव श्री रामेश्वर पटले श्री नवजीत परिहार व महेंद्र नागेश्वर द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए अतिथियो ने बताया कि विक्रम संवत एक पारंपरिक हिंदू पंचांग है, जो भारत में प्राचीन काल से प्रचलित है यह संवत 57 ईसा पूर्व में उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा शुरू किया गया था, जिन्होंने शकों को हराया था। यह संवत चैत्र मास से शुरू होता है।विक्रम संवत का उपयोग ज्योतिष, धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक त्योहारों के लिए किया जाता है। प्रकृतिं जिस तरह आज के दिन पल्लवित व पुष्पित है उसे इसी रूप में रखने के लिए व नए आयाम स्थापित करने के लिए जल गंगा अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता, नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया जाना है आज के कार्यक्रम में जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत कोहका जनपद पंचायत बैहर अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सी एम सी एल ड़ी पी के छात्रो तथा जन भागीदारी से श्रमदान किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और पानी का दुरुपयोग ना करने की भी शपथ दिलाई गई।आज इस अवसर पर नवांकुर संस्था के श्री कुन्दन मेरावी ए पी ओ श्री दिलीप कोडपे पी सी ओ लखन मरकाम ए डी ओ काव्या बिसेन ए डी माया धुर्वे समाज सेवी संदीप गजभिये, अभय यादव एवं पंचायत सचिव रमेश ढोढरे हेमंत पटले दीपलता चौधरी रेखा ठाकरे शिवम ममता पटले अंजली पटले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे अधिकारी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जनपद पंचायत की नई इमारत का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज कटंगी। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटले ने 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार को दोपहर 02 बजे बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी के लिए स्वीकृत नए जनपद पंचायत कार्यालय की इमारत के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जनपद पंचायत परिसर में भूमिपूजन के लिए भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, सुश्री प्रियंका परते, एसडीएम के.सी.ठाकुर, सीईओ गायत्री कुमार सारथी, जनपद उपाध्यक्ष भानु सिंह पटले सहित सभी जनपद सदस्य, जनपद पंचायत सहित अन्य विभागों के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। दरअसल, विगत दो वर्ष पूर्व 14 मार्च 2024 को कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटले कटंगी जनपद पंचायत में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हुए थे। तब क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने कैबिनेट मंत्री से जनपद पंचायत के लिए नई इमारत की मांग रखी थी। तब मंच से ही कैबिनेट मंत्री ने जनपद पंचायत को नई इमारत देने की घोषणा की दी। जनपद पंचायत की नई इमारत का निर्माण 525.67 लाख रुपए की लागत से होगा और इसे अटल सुशासन भवन के नाम से पुकारा जाएगा। भूमिपूजन समारोह के मंचीय कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख ने कैबिनेट मंत्री से क्षेत्र की कुछ मांगों और समस्याओं को उनके सामने रखा। वहीं विधायक ने कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कि कहा वह आज पंचायत मंत्री से कुछ नहीं मांगेंगे।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद कैबिनेट मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कुदाल चलाकर नई इमारत के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री ने मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत में नौ कन्या पूजन किया। कैबिनेट मंत्री ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए पर्यावरण और जल संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा सिर्फ पौधे लगाना ही हमारा मकसद नहीं होना चाहिए बल्कि वह पौधा पेड़ बन जाए इसकी चिंता करना हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ी को कुछ दे पाएगें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में शुरू हुआ, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की ऐसी बस्तियां जहां न्यूनतम आबादी है, वहां भी पक्की सड़कों का निर्माण कार्य सरकार के द्वारा किया जाएगा। मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई नल-जल योजना से अब प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है लेकिन यह भी देखने में आया है कि कई जगह पर पानी का स्त्रोत नहीं मिलने के बाद भी काम कर दिया गया। जिस कारण आज भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए सबसे पहले पानी के स्त्रोत का पता लगाने के बाद ही काम होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अब इन योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होगा। उन्होंने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए गंभीरता से कार्य करे। उन्होंने अपील की है कि पानी का दुरुपयोग न करें और सामूहिक रूप से जल संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध होता रहे।

## पुरानी सेवा शर्तों में बदलाव पर भड़का शिक्षक संघ, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर पुनर्विचार याचिका की मांग

# 25 साल सेवा के बाद अब पात्रता परीक्षा की तलवार! शिक्षकों में उबाल, सरकार को दो टूक चेतावनी



हरिभूमि न्यूज लांजी। मध्यप्रदेश में शिक्षक संवर्ग पर शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किए जाने के निर्णय ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। 25-30 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अचानक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता लागू करने के खिलाफ आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया है। सेवा शर्तों में बदलाव से शिक्षकों में भारी रोषसंघ का कहना है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति पूर्व में निर्धारित सेवा शर्तों के आधार पर हुई थी, उन पर अब नई शर्तें थोपना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों के सामने अब नौकरी बचाने के लिए पात्रता परीक्षा पास करने की चुनौती खड़ी कर दी गई है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि यह निर्णय न केवल सेवा शर्तों का उल्लंघन है, बल्कि शिक्षकों के आत्मसम्मान पर भी सीधा आघात है। संघ ने इसे "भूतलक्षी प्रभाव" वाला फैसला बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है।

ज्ञापन में संघ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय को आधार बनाकर यह आदेश लागू किया गया है, लेकिन अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश सरकार को भी इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए। संघ का मानना है कि जब तक इस मामले में अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस आदेश को स्थगित रखा जाना चाहिए। अन्यथा हजारों शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक सकता है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को दो वर्षों के भीतर पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। यदि कोई शिक्षक इस अवधि में परीक्षा पास नहीं करता और उसकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से अधिक समय शेष है, तो उसे सेवा से हटाया जा सकता है या अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। इतना ही नहीं, पदोन्नति के लिए भी पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है, जिससे शिक्षकों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य करने के विरोध में लांजी में शिक्षकों द्वारा विरोध करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे को पुरानी भर्ती नियमों का हवाला देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सोपा गया है। वही आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही इस आदेश पर पुनर्विचार नहीं किया, तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक वर्षों से शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं और उनके साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पक्षियों के लिए सकोरे एवं जल का संचय अभियान : खोंगल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

महावीर इंटरनेशनल महाकौशल जोन चेयरमैन एवं लांजी केंद्र चेयरमेन विशाल राऊत खोंगल ने कहा कि महाकौशल जोन के समस्त केंद्र मार्च माह के विशेष पर्यावरण दिवसों के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों के आयोजन करेगा जैसा कि हम सभी जानते हैं, महावीर इंटरनेशनल सदैव ' सबकी सेवा सबको प्यार' और 'पर्यावरण संरक्षण' के सिद्धांतों पर अडिग रहा है। मार्च माह हमारे लिए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के कई महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया है। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से, निम्नलिखित विशेष दिवसों पर सार्थक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा सर्व प्रथम विश्व गौरैया दिवस (20 मार्च) को विलुप्त हो रही गौरैया और अन्य पक्षियों का संरक्षण।सुझावित कार्यक्रम के द्वारा घरों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे (सकोरे), घर बांधना, कृत्रिम घोंसलों का वितरण और दाना-पानी की व्यवस्था करना।आगे आने वाले गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों की छतों पर पानी की व्यवस्था रखें इसके लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम किया जाएगा एवं विश्व वन दिवस (21 मार्च) को हरियाली बढ़ाना और वनों का महत्व समझाना।सुझावित कार्यक्रम के द्वारा वृक्षारोपण की सार संभल करना', आने वाले बरसात की सीजन में जहां वृक्षारोपण करना है उस स्थान का चयन करना , एक केंद्र एक सघन वन योजना की तैयारी करना,पर्यावरण चेतना रैली का आयोजन किया जाएगा साथ ही विश्व जल दिवस (22 मार्च)को जल की बर्बादी रोकना और जल संचयन (Water Harvesting)। सुझावित कार्यक्रम के द्वारा जल संरक्षण पर कार्यशाला, सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ और समाज में 'पानी बचाओ' अभियान चलाना और लोग जल के महत्व को समझते, हमारा विनम्र अनुरोध आम जन मानस से आग्रह है एवं हम महावीर इंटरनेशनल के सभी केंद्रों से आग्रह करते हैं कि वे अपनी स्थानीय सुविधा अनुसार इन तीनों दिवस पर विशेष सेवा गतिविधि का आयोजन करें। आपकी एक छोटी सी पहल प्रकृति में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकती है।



# ग्राम सालीवाड़ा मे श्री मद देवी भागवत महापुराण कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में घंसौर जनपद के सालीवाड़ा ग्राम में दूसरी बार सार्वजनिक नव दिवसीय श्री मद देवी भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और भक्तों ने भाग लिया। कथा के दौरान विद्वान कथावाचक पं. धर्मेंद्र शास्त्री जी महाराज द्वारा देवी महिमा, शक्ति स्वरूप और भक्ति का महत्व बताया जा रहा है। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है और प्रतिदिन भजन-कीर्तन भी हो रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह कथा 27 मार्च तक चलेगी और एवं 28 मार्च में हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा में



पं.धर्मेंद्र शास्त्री जी के साथ पं.आदित्य तिवारी अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, पं शिवेंद्र तिवारी , जितेंद्र युईके, सुखराम यादव , अनिल नागेश , प्रकाश शर्मा, चोखेलाल युईके, जयकुमार परते, नीलम नागेश, सुरेंद्र यादव सहित ग्राम के समस्त माता बहनें एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## इधर, मोहगांव में श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा व शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन



नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन में कलश यात्रा से लेकर पूर्णाहुति तक होंगे विविध कार्यक्रम, श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील

मोहगांव : जिले के कुरई जनपद अंतर्गत ग्राम मोहनगांव सड़क में माँ भगवती की असीम कृपा से शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। इस धार्मिक महोत्सव के अंतर्गत माँ भगवती की प्राण प्रतिष्ठा भी संपन्न होगी। आयोजन को लेकर ग्राम में व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार, प्रथम दिवस 19 मार्च को भव्य कलश यात्रा, मूर्ति का नगर भ्रमण, पंचांग पूजन एवं जवारे कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। द्वितीय दिवस 20 मार्च से देवताओं का आवाहन, पूजन, जलाधिवास एवं कथा प्रारंभ के साथ शतचंडी महायज्ञ की विधिवत शुरुआत की जाएगी। इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान जैसे अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास, शय्याधिवास, यज्ञ पूजन आदि विधिविधान से संपन्न होंगे। 24 मार्च को शुभ मुहूर्त में माँ भगवती की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अंतिम दिवस 27 मार्च को पूर्णाहुति, कथा विश्राम, यज्ञ विसर्जन एवं जवारे विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर विशाल भोजन प्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।
कथा का वाचन आचार्य पंडित जितेन्द्र तिवारी (शारदापीठ) द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम स्थल माता दिवाला मंदिर, ग्राम मोहगांव (सड़क) रखा गया है। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्रि पर नागरिक अभिनंदन का भव्य कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी के आचार्य परिवार द्वारा हिंदू नव वर्ष पर नागरिक अभिनंदन के अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को आकर्षक रंगोली, भगवा ध्वज एवं भगवा झंडियो द्वारा सजाया गया । तथा विद्यालय आचार्य परिवार द्वारा नागरिकों का तिलक चंदन बंदन से अभिनंदन कर उन्हें हिंदू नव वर्ष , नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की गई । कामना की गई की यह नववर्ष सभी भारत वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि यश, वैभव एवं शांति लेकर आए। भारत अपनी कीर्ति पताका को सर्वोच्च शिखर पर ले जाए, इसकी कामना भी आचार्य परिवार द्वारा की गई । इस अभिनव आयोजन को देखकर नागरिकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की । आयोजन के दौरान समस्त आचार्य परिवार के साथ-साथ विद्यालय व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी भी उपस्थित रहे ।

### भावा एकेडमी का परचम लहराया, 4 होनहारों का नवोदय विद्यालय में चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**
घंसौर / शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय देते हुए भावा एकेडमी हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के चार होनहार विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे घंसौर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।
चयनित विद्यार्थियों में अविरल मरावी, संस्कृति उइके, शीतल नागेश और निशांत डेहरिया शामिल हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत के दम पर इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण कर एक नया मुकाम हासिल किया है। इन छात्रों ने कक्षा पांचवी में अध्ययनरत रहते हुए ही इस कठिन परीक्षा में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।

### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत त्रैमासिक कैलेण्डर के अनुसार 18 मार्च 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट मंगला शेन्डे ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, और उन्होंने बड़े ही सरल शब्दों में साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सोशल मीडिया द्वारा चल रहें साइबर क्राइम के बारे में बताया और साइबर क्राइम से कैसे बचे जा सकते उसके उपाय भी बताया और छात्र/ छात्राओं डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी दी और सोशल मीडिया के द्वारा होने वाले साइबर क्राइम से दूर रहने एवं अपने परिजनों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ. मानसिंह बघेल द्वारा साइबर खतरे के प्रकार जैसे - फिशिंग के द्वारा ईमेल या लिंक के जरिए यूजर का निजी डेटा चुराना व सोशल इंजीनियरिंग लोगों को मनोवैज्ञानिक रूप से गुमराह कर उनकी गोपनीय जानकारी प्राप्त करना भी साइबर क्राइम है।
प्रो. सत्येन्द्र शेन्डें द्वारा साइबर क्राइम से कैसे सुरक्षित बचे जा सकते है एवं साइबर सुरक्षा के लिए सावधानियॉं पर विस्तृत चर्चा की।
अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. श्यामसिंह राहंगडाले द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा के स्तंभ, खतरे, उपाय पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही उपस्थित मुख्य अतिथि, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

# रक्षित केंद्र में सम्पन्न हुआ अग्निशामक यंत्र उपयोग संबंधी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सचिन परते जी एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू की उपस्थिति में रक्षित केंद्र सिवनी परिसर में आपातकालीन स्थिति नियंत्रण हेतु अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं आगजनी जैसी विषम परिस्थिति में फायर सेफ्टी गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वयं एवं अन्य को बचाने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।
प्रशिक्षण में रक्षित केंद्र की आरामोरी शाखा, रोजनामचा शाखा, वाहन शाखा, स्टोर शाखा के साथ साथ पुलिस पेट्रोल पंप, पुलिस कैंटीन एवं दिशा लर्निंग सेंटर सिवनी के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण एवं दिशा लर्निंग सेंटर के समस्त छात्र छात्राओं को रक्षित निरीक्षक महोदय द्वारा फायर सेफ्टी गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी गई। सूबेदार जितेंद्र रावतकर द्वारा आग के प्रकार के अनुसार अग्निशामक यंत्र चुनाव एवं अग्निशामक यंत्र के कुशलतापूर्वक उपयोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों तथा दिशा लर्निंग सेंटर के छात्र छात्राओं ने अग्निशामक यंत्र को स्वयं उपयोग कर अग्नि नियंत्रण किया और यंत्र का उपयोग कुशलता पूर्वक सीखा।

## ऑटो से हो रही थी गाजा की तस्करी नार्कोटेक्स विभाग भोपाल की कार्यवाही

# 75 किग्रा. गाजा की खेप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी जिले के विकासखंड मुख्यालय घंसौर में भोपाल नार्कोटिक्स विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक नेटवर्क का खुलासा किया है। टोल नाके के पास एक ऑटो से करीब 75 किलो गांजा जब्त किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



घंसौर क्षेत्र में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भोपाल और घंसौर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मौके से करीब 76 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। एनसीबी और घंसौर पुलिस ने अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आंकी जा रही है।

### ऑटो में भरकर लाया जा रहा था गांजा

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनसीबी भोपाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ऑटो में भारी मात्रा में गांजा भरकर ओडिशा से विदिशा लाया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर एनसीबी की टीम ने घंसौर पुलिस के साथ मिलकर मंडला-लखनादौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टोल नाके के पास घेराबंदी की। घात लगाकर बैठी टीम को जैसे ही संदिग्ध ऑटो MP 04 AR 6965 घंसौर टोल नाके के पास आते दिखाई दिया। वैसे ही टीम ने उस ऑटो को चारों तरफ से घेर लिया और उसे रोककर उसकी तलाशी ली।

### गिरफ्तार दोनों आरोपी विदिशा निवासी

इस दौरान ऑटो में छिपाकर रखा गया बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ, जिसका वजन लगभग 76 किलोग्राम बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए गांजा की कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है। एनसीबी और घंसौर पुलिस ने मौके से दो आरोपियों के गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रामबाबू मीना (36) निवासी ग्राम भाटनी जिला विदिशा और इमरत सिंह मीना (46) निवासी गंज बासौदा के तौर पर हुई है।

### अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह की जांच जारी

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि यह खेप ओडिशा से लाई जा रही थी। पुलिस और एनसीबी को आशंका है कि इसके पीछे एक बड़ा अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह सक्रिय है, जो विभिन्न राज्यों में मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि आरोपियों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह खेप किसे सौंपी जानी थी।

### छोटे वाहनों का सहारा ले रहे तस्कर

जांच में यह भी सामने आया है कि तस्कर अब बड़े ट्रकों के बजाय छोटे और सामान्य वाहनों जैसे ऑटो का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि वे पुलिस की नजर से बच सकें। मंडला-लखनादौन हाईवे पर हुई कार्रवाई इस बात का संकेत है कि यह मार्ग तस्करों के लिए एक अहम ट्रांजिट रूट बनता जा रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे और गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है।

## अटल सुशासन भवनों के निर्माण से प्रशासनिक कार्यों में गति और पारदर्शिता आयेगी- मंत्री श्री पटेल

# लखनादौन में अटल सुशासन भवन का भूमिपूजन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के लखनादौन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकारा में अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) का भूमिपूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।
उक्त अटल सुशासन भवन का निर्माण लगभग 5 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। भवन में प्रशासनिक अधिकारियों, मैदानी अमले एवं जनप्रतिनिधियों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ मीटिंग हॉल, वीसी कक्ष एवं उन्नत रिकॉर्ड रूम विकसित किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सुव्यवस्थित आधारभूत संरचना अत्यंत



आवश्यक है। अटल सुशासन भवनों के निर्माण से जनपद स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में गति और पारदर्शिता आएगी, जिससे आमजन को समयबद्ध एवं बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम से त्रिस्तरीय पंचायत भवनों का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रणाली अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बन सके। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि नवीन भवन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण, आधुनिक मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष तथा उन्नत रिकॉर्ड प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मंत्री श्री पटेल ने जलगंगा संवर्धन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विगत वर्ष जिले में अमृत सरोवरों एवं खेत तालाबों के निर्माण के सराहनीय कार्य हुए हैं, जिन्हें आगे भी जारी रखना होगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए नदी उद्गम स्थलों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# गणगौर के पांरपरिक गीतों के साथ हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अग्रवाल समाज द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणगौर महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में 17 मार्च को अग्रोहा सखी मंच ने नवविवाहिता बेटियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए।
यह पर्व विवहित महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य व कुवारी कन्याओं के लिये मनचाहे वर प्राप्ति का प्रतीक है। यह भगवान शिव पार्वती के अटूट प्रेम व समपर्ण का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि पार्वती ने कड़ी तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रुप में पाया था। प्रतिवर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तर भारत में भक्ति भाव से यह त्यौहार मनाया जाता है। माता गौरी व भगवान शिव की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाकर सौलह दिनों तक भगवान ईसर (शिव) की पूजा की जाती है। इस वर्ष गणगौर का त्यौहार 4 से 21 मार्च तक मनाया जा रहा है। 21 मार्च को गणगौर का



विसर्जन पांरपरिक रूप से गाजे-बाजे के साथ किया जाएगा।
अग्रसेन भवन में आयोजित समारोह में अग्रवाल समाज के साथ राजस्थानी परिवारों की नवविवाहिता दुल्हनों ने सोलह श्रृंगार कर सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। श्रृंगार प्रतियोगिता में श्रीमती मेघा खेमुका प्रथम स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता में श्रीमती साक्षी सोनी प्रथम व श्रीमती राधिका अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फनी रील प्रतियोगिता में श्रीमती राधिका अग्रवाल प्रथम व श्री राशि अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न प्रकार के पांरपरिक गीतों के गायन के साथ अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओ में निर्णायक श्रीमति लक्ष्मी खेमुका व श्रीमती मेघा अग्रवाल ने निर्णय दिया। श्रीमति नूतन अग्रवाल व श्रीमती माधुरी अग्रवाल ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। अग्रोहा सखी मंच की सदस्य श्रीमती मेघा अग्रवाल, श्रीमती माधुरी अग्रवाल, श्रीमती नीता अग्रवाल, श्रीमती बरखा अग्रवाल, श्रीमती नूतन अग्रवाल, श्रीमती प्रीति अग्रवाल, श्रीमती माया अग्रवाल, व श्रीमती रीना अग्रवाल का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दिया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उत्साह के साथ मनाया हिन्दू नववर्ष, सामूहिक विवाह समारोह में नव-दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद



ग**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**ुरुवार सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुनने हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 और चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि उन्नति और उत्तम स्वास्थ्य की कामनाएं किया।
आज हिन्दू नववर्ष के पावन उपलक्ष्य में सकल हिन्दू समाज द्वारा बड़ा मिशन स्कूल मैदान से आयोजित विशाल रैली में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मां भारती की पूजा-अर्चना एवं महाआरती की और प्रदेश की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। तथा मंडप में पहुंचकर उन्होंने नव-दम्पत्तियों से भेंट किया और आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिक बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'विक्रमोत्सव सूर्य उपासना' कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।उन्होंने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# विक्रमोत्सव पर सिवनी में विविध कार्यक्रम आयोजित, बैनगंगा तट पर सूर्य उपासना से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार सृष्टि आरंभ दिवस एवं वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के अवसर पर गुरुवार 19 मार्च 2026 को जिले में विक्रमोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में प्रातः 6:30 बजे से 7 बजे तक बैनगंगा तट लखनवाड़ा में सूर्य उपासना एवं नव संवत्सर अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ।
प्रातः 10 बजे महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिला प्रशासन की ओर से उद्घोषक श्री संदीप मिश्रा द्वारा विक्रम संवत की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। वहीं अभिनव प्रयास फाउंडेशन सोसायटी सिवनी द्वारा दिनेश सत्यार्थी के निर्देशन में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिलेवासियों को विक्रमोत्सव एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे, सहायक संचालक श्री आर.आर. मेहता, नोडल अधिकारी श्री आर.पी. पाटिल, सहायक नोडल अधिकारी श्री अनंत मिश्रा, श्रीमती जस्सी थॉमस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री विशाल मर्सकोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय में ईको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम सत्र 2025–26 के अंतर्गत एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।
पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित भविष्य एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक विचारों एवं ज्ञान के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रो. रचना सक्सेना एवं डॉ मुक्ता मिश्रा ने विशेष सहयोग दिया कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में डॉ आर. एस. डहेरिया, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. मनीषा सोनेकर, डॉ. धनेंद्र गुर्देकर एवं महाविद्यालय के सभी स्टॉफ का सहयोग रहा कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली कार्यक्रम का संचालन डॉ. टी. पी. सागर ने और आभार डॉ. संदीप शुक्ला इकोक्लब प्रभारी ने किया।

## हिंदू नव वर्ष पर उमड़ा आस्था का सागर

# ढोल-नगाड़ों, झांकियों और स्वागत की परंपरा के बीच पूरे नगर में गूंजा नव वर्ष का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

नगर घंसौर में हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित विशाल रैली ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और उत्सवमय रंग में रंग दिया। यह भव्य रैली सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंततः खैरमाई चौक पर संपन्न हुई, जहां इसका भव्य समापन किया गया। रैली में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। उनके साथ नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस आयोजन में शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में एकता और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। रैली के



दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, जयकारों की ध्वनि और आतिशबाजी ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। "जय श्री राम" और "हर हर महादेव" के नारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा।
रैली में प्रस्तुत सुंदर-सुंदर झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं, जिनमें भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नगरवासियों ने भी इस रैली का हृदय से स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए, जहां रैली में शामिल लोगों पर पुष्पवर्षा की गई और फलाहारी सामग्री फल, फूल, मिठाइयां और आइसक्रीम वितरित की गई। इस स्वागत ने आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया तथा नगर में आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस पूरे आयोजन की खास बात यह रही कि सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए घर-घर जाकर लोगों को तिलक लगाकर स्वागत किया और हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस पहल ने समाज में आत्मीयता और जुड़ाव की भावना को और मजबूत किया।

# महाप्रसादी वितरण पर लगाई रोक, ग्राम की जनता में शोक की लहर

# सुबह मातारानी की स्थापना, संध्या आरती के समय जिला प्रशासन ने कर दी हटाने की कार्यवाही









## गर्रा चौक पर दिन भर चलती रही गहमागहमी, एक तरफ मातारानी की आरती, दूसरी तरफ प्रशासन होते रहा लामबंद, बिसेन बंधुओं ने प्रशासन से मांगा समय, प्रशासन रहा सख्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

औद्योगिक नगरी गर्रा चौराहे में बीते कल चैत्र नवरात्रा के शुभ अवसर पर गर्रा की जनता के द्वारा मातारानी की स्थापना निर्माणाधीन मंदिर में की गई थी। सुबह से ही प्राण प्रतिष्ठा का कार्य ग्राम की जनता के द्वारा किया जा रहा था। हजारों की संख्या में भक्तगणों की उपस्थिति नजर आ रही थी। गांव में चारों तरफ मातारानी की स्थापना को लेकर गांव की जनता खुशियाँ मना रही थी तथा बधाई संदेश सोशल मीडिया पर चल रहे थे। वहीं लगभग 11-12 बजे लालबर्रा तहसीलदार तथा पुलिस प्रशासन की संख्या मंदिर के पास बढ़ने लगी, वहीं प्रशासन ने बताया कि गांव के एक-दो लोगों के द्वारा दूरभाष पर प्रशासन को मातारानी की स्थापना की जानकारी दी गई। भारी संख्या में पुलिस बल चौराहे पर पहुंचने लगा।

### सैकड़ो वर्ष से गर्रा चौक में मातारानी की होती रही है स्थापना

वर्ष 2025 में आदर्श दुर्गा समिति के द्वारा विधि विधान से उपरोक्त स्थान में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया था। तथा समिति के द्वारा गांव की जनता से चंदा के रूप में ग्रामवासियों ने स्वेच्छा से मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया था। तथा मंदिर निर्माण की कार्यवाही भी समिति के द्वारा की गई किन्तु मंदिर निर्माण के बाद गांव के कुछ लोगो के द्वारा प्रशासन को शिकायत की जाती है, गर्रा चौक पर अतिक्रमण कर शॉपिंग कॉम्लेक्स बनाया जा रहा हैं। उस समय भी ग्राम की जनता में आक्रोश देखा गया था, वहीं प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए रोक लगा दी थी। किन्तु ग्राम की जनता ने मातारानी पर आस्था रखते हुए मंदिर निर्माण के कार्य को जारी रखा तथा बीते कल मंदिर पर मातारानी की स्थापना सहित अन्य देवी-देवताओं की मुर्ति स्थापित की गई जिसमें पंचमुखी हनुमान जी, शिवलिंग, नंदी महाराज, विष्णु भगवान तथा अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित की गई।

### एसडीएम वारासिवनी तथा बिसेन बंधुओ के बीच चलती रही वार्ता

दोपहर लगभग 2 बजे जिला प्रशासन का अमला पुलिस दल-बल के साथ गर्रा चौक में मंदिर परिसर के आजू-बाजू घेराव करते नजर आया। वहीं जनता और प्रशासन के बीच संवाद भी हुआ, गावं की जनता प्रशासन से निवेदन कर रही थी मातारानी की स्थापना हो गई हैं, कृपया मुर्ति हटाने की कार्यवाही न की जायें।





जनभावनाओं को देखते हुए बिसेन बंधुओं विशाल बिसेन और ग्राम प्रधान वैभव बिसेन ने जिला प्रशासन से निवेदन स्वरूप मातारानी और अन्य देवी देवताओं को विराजमान रहने दें कहा।

चैत्र नवरात्रा के बाद मूर्तियों को अन्यत्र स्थान दे दिया जाएगा। किन्तु जिला प्रशासन तथा वारासिवनी एसडीएम कार्तिक जैसवाल के द्वारा गांव की जनता का तथा धार्मिक भावनाओं का अनादर करते हुए तत्काल ही पुलिस बल को लामबंद होने का आदेश देते हुए गांव की जनता को मंदिर परिसर से हटाने का आदेश देते हुए समस्त स्थापित मुर्तियों को विधि विधान से हटाते हुए वाहन में रखते हुए अन्यत्र ले जाने की कार्यवाही की गई।

### इनका कहना हैं

ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने मंदिर परिसर में आमजन को बढ़े दुखित मन से संबोंधित करते हुए कहा कि जनता की मांग पर मातारानी की स्थापना की गई थी किन्तु इस देश का हिन्दु अपने देवी देवताओं के अपमान पर भी मौन रह गया, क्षेत्र में जनप्रतिनिधि उच्च पदों पर बैठे हैं, उसके बाद भी मातारानी के मंदिर को नही बचा सके, बहुत ही शर्मनाक बात हैं। आगामी समय में मातारानी की कृपा रही और जनआर्शीवाद रहा तो निश्चित तौर पर मंदिर वहीं बनाया जाएगा।

**ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन**

मंदिर परिसर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी वारासिवनी के द्वारा आम जनता को सूचित करते हुए बताया गया कि उपरोक्त निर्माणाधीन क्षेत्र सड़क मद पर आता हैं, अतिक्रमणकारियों को बेदखली की सूचना दे दी गई थी किन्तु 18 मार्च की रात्रि अज्ञात लोगो के द्वारा मूर्ति स्थापित की गई हैं, प्रशासन के द्वारा मूर्तियां हटाने की कार्यवाही विधि विधान से किया जा रहा हैं।

**कार्तिक जैसवाल**
**अनुविभागीय दण्डाधिकारी वारासिवनी**

# मानव-वन्य प्राणी संघर्ष को कम करने हेतु संगीतमय जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज उकवा।



मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट के निर्देशन तथा वनमंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य एवं उपवनमंडलाधिकारी उकवा सामान्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा (सामान्य) अंतर्गत किया गया विशेष जागरूकता कार्यक्रम। 18 मार्च को वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा अंतर्गत खमरिया बीट के ग्राम खुरसुड के सभामंच में मानव एवं वन्य प्राणियों के बीच बढ़ते संघर्ष को कम करने, वन्य जीवों की सुरक्षा तथा ग्रामीणों को आत्मरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि वर्तमान समय में वन क्षेत्रों के आसपास बसे ग्रामों में मानव और वन्य प्राणियों के बीच संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जनहानि एवं वन्यजीवों को भी नुकसान होता है। इन घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात्रि में अकेले जंगल की ओर न जाने, तथा किसी भी हिंसक वन्य प्राणी के दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई।इस जागरूकता कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संगीतमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को सरल भाषा में वन संरक्षण, वन्य जीवों की सुरक्षा तथा पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महुआ संग्रह के समय सावधानी रखने, महुआ वृक्षों के नीचे आग न लगाने, तथा जंगल में अनावश्यक आगजनी न करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि जंगल में लगने वाली आग से वन्य प्राणियों के साथ-साथ पर्यावरण को भी भारी नुकसान होता है।कार्यक्रम में गायक सतीश उमरे एंड टीम द्वारा भजन-कीर्तन एवं जागरूकता गीत प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। संगीतमय प्रस्तुति के कारण ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वन विभाग के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना।इस अवसर पर वन परिक्षेत्र के समस्त अमला, ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।वन विभाग द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि मानव एवं वन्य जीवों के बीच होने वाले संघर्ष को कम किया जा सके और वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# "सूर्य उपासना कार्यक्रम" का आयोजन, सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन

**बालाघाट**। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर 19 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय बालाघाट स्थित नूतन कला निकेतन में "सूर्य उपासना कार्यक्रम" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने सराहा।कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रह्म ध्वज की स्थापना कर अतिथियों द्वारा ध्वज का पूजन किया गया। नूतन कला निकेतन के श्री रूपकुमार बनवाले के निर्देशन में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया।

# दो नाबालिगों की करंट लगने से मौत

**बालाघाट**। बालाघाट जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र के रजेगांव चौकी अंतर्गत बोडुंदाकला गांव में गुरुवार को करंट लगने से दो नाबालिगों की मौत हो गई। दोनों दोस्त खेत में एक तोते की तलाश में गए थे, जहां उन्हें प्यास लगी और वे पानी के पंप की ओर जा रहे थे। यह घटना सुबह 10 से 11 बजे के बीच हुई। खेत मालिक ने जंगली जानवरों को मारने के लिए खेत में बिजली का तार बिछाया था। इसी तार की चपेट में आने से दोनों किशोरों की जान चली गई। मृतकों की पहचान बोडुंदकला निवासी स्नेहल पटले (16) और उज्जवल शरणागत (15) के रूप में हुई है। वे अपने दो अन्य साथियों के साथ तोते की तलाश कर रहे थे। प्यास लगने पर वे किसान टेकचंद विठोले के खेत में पानी पंप की ओर गए। स्नेहल पहले जीआर तार की चपेट में आया और गिर पड़ा। उसे बचाने दौड़ा उज्जवल भी करंट की चपेट में आ गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रजेगांव चौकी से एसआई ग्लेडवीन क्षत्रिय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए किरनापुर अस्पताल भिजवाया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।रजेगांव चौकी प्रभारी कौशल सूर्या ने बताया कि जांच के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिकायत पर इस मामले में खेत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर सकते हैं।



# कुम्हली पंचायत में निर्माण कार्यो से मजदूरो को मिला रोजगार



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी**। जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कुम्हली में मानेगांव से कुम्हली मार्ग के मध्य में स्थित नाले पर नाला पदोचार का निर्माण कार्य प्रारंभ है जिसके चलते ग्रामीण मजदूरो रोजगार उपलब्ध हो रहा है। ग्रामीण मजदूरो के द्वारा नाले की साफ-सफाई सहित अन्य कार्य कर विकास के पथ को आगे बढ़ाकर गांव को समृद्ध बनाने में अहम योगदान प्रदान कर रहे है। पंचायत मेंट प्रताप लिल्हारे ने बताया की ग्राम मे नाला पदोचार सहित अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ है।जिसके माध्यम से ग्रामीण मजदूरो को रोजगार उपलब्ध हो रहा है साथ ही विकास किया जा रहा है। ग्रामीण मजदूरो के द्वारा रोजगार उपलब्ध होने पर खुशी जाहिर की।

## जनपद पंचायत भवन से निकाली गई बारात, बाराती बनकर जमकर झूमे विधायक

# वारासिवनी में सामूहिक विवाह में 100 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।





मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत वारासिवनी जनपद पंचायत के तत्वावधान में स्थानीय रानी अवंतीबाई स्टेडियम में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाघाट जिले के वारासिवनी, कटंगी, खैरलॉजी, लालबर्रा, बालाघाट, परसवाड़ा, किरनापुर विकासखंडों से 100 जोड़ों ने अपने-अपने समाज के वैवाहित नियमों के अनुसार एक दूसरे को वर माला पहना कर अपने नये जीवन की शुरुआत की। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 80 हिंदू, 14 अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं 6 जोड़ों का अन्य रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न किया गया।

समारोह में विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, वारासिवनी जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले, वारासिवनी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, उपाध्यक्ष पुष्पा किशोर अमूले, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी पवन यादव, जनपद सदस्यगण जगदीश बंसोड, धार्मिक इनवाती, पूर्व सरपंच राजकुमार चौधरी, पूर्व सरपंच प्रदीप शरणागत, सत्तू बिसेन, संदेश बिसेन, मनोज टेंभरे सहित अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह स्थल रानी अवंतीबाई स्टेडियम जाने के लिए वारासिवनी जनपद पंचायत भवन के परिसर से सभी 100 दूल्हों की बारात धूमधाम के साथ बैंड बाजों के साथ निकाली गई। जिसमें सामाजिक पदाधिकारी के साथ परिवार जनों ने ढोल, बाजे एवं डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल भी बारात में शामिल हुए और बारातियों के अनुरोध पर उन्होंने भी गीतों पर नृत्य कर समॉ बॉध दिया। यह बारात जनपद पंचायत भवन से निकल कर बस स्टैंड होते हुए पुलिस थाने के सामने से वापस बस स्टैंड होते हुए रानी अवंतीबाई स्टेडियम पहुंची। जहां अधिकारियों द्वारा बारातियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

उसके बाद अतिथियों द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं के छाया चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर पुष्पहार पहनाये गए। उसके बाद मंच पर बैठे सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व पुष्प हार से किया गया। विवाह संस्कार के दौरान सर्वप्रथम सनातन संस्कृति के तहत हिन्दू जोड़ों का वैदिक मंत्रो के साथ विवाह संपन्न कराया गया। उसके बाद अनुसूचित जाति व जनजाति के जोड़ों का विवाह सम्पन्न करवाया गया। सभी अतिथियों ने विवाह सूत्र में बंधे नवयुगलों पर अक्षत एवं पुष्प वर्षा करते हुए सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

## फीस पूरी देने के बाद भी नहीं मिल रही सुविधाएॅ

# विधि संकाय के विद्यार्थी किताबों की कमियों से जूझ रहे

### विधायक विवेक पटेल ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी**। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में विधि संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को किताबों की कमी से जूझना पड़ रहा है। जिसके कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। इसके साथ ही अन्य समस्याएॅ भी उनको परेशान कर रही है। अपनी परेशानियों को लेकर विधि संकाय के विद्यार्थियों ने मंगलवार को विधायक जनसंपर्क कार्यालय में पहॅुच कर विधायक विवेक विक्की पटेल से मुलाकात की और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए 5 सूत्रीय मॉगों का एक ज्ञापन भी सौंपा।

विद्यार्थियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया था कि विधि संकाय के प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर में लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे है। मगर क्लास रूम में ना ही सीसीटीवी कैमरे लगे है, और ना वहां का पानी पीने योग्य है और ना ही हमें पढ़ाई करने पुस्तकालय से पुस्तकें मिल रही है। जिससे हमें पढ़ाई करने के साथ ही अन्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

विद्यार्थियों की बातों व मॉगों को गम्भीरता से लेते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल बुधवार को अचानक ही शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी पहुंचे। जहॉ पर उन्होंने पूरे महाविद्यालय का निरीक्षण किया और विधि संकाय के विद्यार्थियों से चर्चा करने के बाद महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती सरिता कोल्हेकर व स्टाफ से विधि संकाय के छात्र-छात्राओं के सामने चर्चा की और विद्यार्थियों की मॉगों एवं समस्याओं को एक माह के अंदर हल करने के निर्देश दिए।



विधि संकाय के छात्र फरहान खान ने बताया कि छात्र-छात्राओं को जो सुविधा मिलनी चाहिए, वह हमें नहीं मिल रही है। तृतीय सेमेस्टर में 60 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे है और पुस्तके मात्र 20 ही उपलब्ध है। फीस तो हर वर्ष बढ़ रही है। मगर पुस्तके पढने नहीं मिल रही है। यहां का पानी पीने योग्य नहीं है। सालाना 14 हजार रुपये फीस है। प्राचार्य मैडम को कई ज्ञापन के माध्यम से सभी समस्याओं के बारे में बताया गया। मगर हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।